हरिभूमि
# सरगुजा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


RAIPUR | INDIA

# KALINGA UNIVERSITY

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**RESEARCH**
Ph.D.

**YOGA**
Diploma | B.Sc.
PG Diploma | M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

#Rajesh9926308899

OUR TOP RECRUITERS
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai


Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
Yoga for Harmony & Peace


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
" योग है रोगमुक्त जीवन का मूल मंत्र
आप सभी करें योग ताकि स्वस्थ रहे तन-मन "
उमाशंकर देवांगन
हरिभूमि प्रतिनिधि, मानीचौक


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
"स्वस्थ जीवन ही है हमारी जिंदगी की जमा पूंजी
योग करना है रोगमुक्त जिंदगी की कुंजी"
अनिल कुमार गुप्ता
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
गैलेक्सी क्लब सदस्य
पलक इंश्योरेंस सर्विसेज, भारतीय जीवन बीमा निगम
दरिमा, जिला - सरगुजा मो.- 9827455220


Yoga for Harmony & Peace
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी/ नर्सिंग रिसर्च सेंटर
कॉलेज कैम्पस - कृष्णपुर (कलुआ) भरूहामुड़ा रोड, जिला - सूरजपुर
मो.- 9165265258, 9340519491
पुष्पेन्द्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
कॉलेज कैम्पस - लालमाटी लुण्ड्रा, जिला - सरगुजा
मो.- 8103896533, 9407634704


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
" योग मनुष्य के शरीर, तन और आत्मा को
ऊर्जा, ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता है।"
जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
"नहीं होती है उनको कोई बीमारी
जो योग करने की करते है समझदारी"
Yoga for Harmony & Peace
समीम खान
हरिभूमि प्रतिनिधि, लखनपुर


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
"करें नियमित योग,
शरीर रहेगा निरोग"
विक्टोरिया पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल
चांदनी चौक, खैरबार रोड अम्बिकापुर


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
" शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग
खुद को खुद से मिलाने का मौका है योग "
जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सुबह हो या शाम रोज कीजिए योग
निकट नहीं आएगा कभी भी रोग
शरद चंद्र मेसपाल
वि.ख. शिक्षा अधिकारी एवं समस्त स्टाफगण
वि.ख. शिक्षा अधिकारी कार्यालय बतौली, जिला - सरगुजा (छ.ग.)


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
करें योग, रहें निरोग
Yoga for Harmony & Peace
यूनिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल
Nurssary to 12th
Math, Bio, Commerce, Agriculture
चांदनी चौक, खैरबार रोड, अंबिकापुर
8223020720, 9584840286
Hostel Boarding for Boys & Girls

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

लिासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 उड़मकेला के मोहना डिहारी बस्ती पहुंचे हाथी, आठ घरों को बना दिया खण्डहर






### प्रधान आरक्षक व आरक्षक ने तोड़ा दम, एक आरक्षक समेत दो घायल, भुताही व पुंदाग के बीच हुई घटना

# कैंप शिफ्टिंग के दौरान पलटा पिकअप, सीएएफ के दो जवानों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार की देर शाम भुताही मोड़ व पुंदाग के बीच सीएएफ जवानों की पिकअप पलट गई। इस घटना में एक प्रधान आरक्षक व एक आरक्षक समेत दो जवानों की मौत हो गई। कैम्प शिफ्टिंग के दौरान घटना उस वक्त हुई जब जवान कैंप का सामान लेकर घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुंदाग में स्थापित किए गए कैम्प जा रहे थे। हादसे के कारणों का अब तक पता नही चल सका है लेकिन ब्रेक नहीं लगने अथवा स्टेरिंग काम नहीं करने से घटना की आशंका जताई जा रही है। इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है वहीं आज श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जवानों के पार्थिव शरीर को गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया।

**खास बात**

- छस बल 10वीं बटालियन को रामचंद्रपुर से किया गया था पुंदाग शिफ्ट

बता दें कि बलरामपुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना पुंदाग व बूढ़ा पहाड़ में नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें खदेड़ा गया है और अंतिम छोर पर बसे पुंदाग में भी कैंप की स्थापना की गई है। बुधवार को रामचंद्रपुर में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 10वीं बटालियन डी कम्पनी के जवानों का डिप्लॉयमेंट पुंदाग कैंप किया गया था। इसके बाद जवानों को दो बस, दो ट्रक व एक बड़े ट्रक से सामानों के साथ पुंदाग रवाना किया गया। देर शाम सभी जवान बंदरचुआं कैंप पहुंचे थे लेकिन इसके आगे बढे ट्रक जाने का रास्ता नहीं था इसलिए कच्चे रास्ते पर पिकअप के जरिए समान को पुंदाग कैंप तक पहुंचाने का काम किया जा रहा था। इसी बीच सीएएफ का प्रधान आरक्षक फतेहबहादुर सिंह, आरक्षक नारायण प्रसाद, राम प्रताप पिकअप से एक राउंड सामान को पुंदाग कैंप तक छोड़कर आ गए थे और दूसरी बार बचे हुए सामान को लेकर पिकअप से पुंदाग की ओर जा रहे थे इस दौरान देर शाम लगभग साढ़े सात बजे भुताही और पुंदाग के बीच सड़क किनारे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप सड़क से नीचे पलटकर एक पेड़ से जाकर टकराया। इस दौरान पिकअप में सामने की ओर बैठे प्रधान आरक्षक फतेहबहादुर सिंह व चालक वाहन में ही बुरी तरह फंस गए जबकि पीछे बैठे दोनों आरक्षक वाहन से बाहर जाकर गिरे। जंगली एरिया होने के कारण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं है इस लिए घटना की जानकारी लेट से मिल पाई और पुलिस टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया जिसके बाद घटना की पुष्टि हुई।



हादसे में दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।




जवानों को श्रद्धांजलि देते पुलिस अधिकारी।

### कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। देर रात एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह समेत आला अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए। घटना के बाद पिकअप पेड़ से जाकर टकराया इससे सामने बैठे प्रधान आरक्षक व चालक वाहन में ही बुरी तरह से फंसे हुए थे। टीम द्वारा जेसीबी के माध्यम से पिकअप को पेड़ से अलग किया गया जिसके बाद घायलों को बाहर निकाला गया। इस घटना में प्रधान आरक्षक यूपी अंबेडकरनगर के जैतपुर नूरपुरकला चिरईयाडांड़ निवासी फतेहबहादुर सिंह आ. तीजू राम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिकअप से बाहर गिरे आरक्षक बतौली विकासखंड के ग्राम पोकसरी निवासी नारायण प्रसाद आ. स्व. बाल मुकुंद ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना में घायल आरक्षक सीतापुर निवासी राम प्रताप को प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर रिफर किया गया व चालक का उपचार कुसमी में जारी है। घायल आरक्षक का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

#### जवानों को दी गई अंतिम विदाई

आज इस घटना के बाद मृतक जवानों का पीएम कराया गया और उसके बाद जवानों के शवों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया। इसके पूर्व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह सहित आला अधिकारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इसके बाद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम रवाना किया गया। इस दौरान जवानों को साथियों ने नम आंखों से विदाई दी।

### अंतिम विदाई देने उमड़ी लोगों की भीड़

**सेदम/बतौली।** सड़क हादसे में मृत जवान का पार्थिव शरीर आज उसके गृह ग्राम पोकसरी लाया गया जहां उसे नम आंखों से विदाई दी गई। बता दें कि बुधवार की रात कैंप शिफ्टिंग के दौरान सीएएफ जवान नारायण प्रसाद की मौत हो गई थी। बतौली के ग्राम पोकसरी निवासी नारायण प्रसाद आ. स्व. बालमुकुंद छत्तीसगढ़ सशत्र बल 10वीं बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। हादसे की जानकारी मिलने के बाद से ही क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया। इस दौरान शाम को जवान का शव उसके घर पहुंचा जहां हजारों की संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे हुए थे। नारायण प्रसाद को अधिकारियों ने सलामी देने के साथ ही नम आंखों से विदाई दी। बताया जा रहा है कि मृतक नारायण प्रसाद पत्नी भगमनिया, तीन बेटे व दो बेटियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए।



### घटना का कारण अस्पष्ट

जवानों का पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर अब तक कारणों का पता नहीं चल सका है। जिस स्थान पर यह घटना हुई है वह सड़क कच्ची है इस लिए अधिकारी वाहन की रफ्तार तेज होने से इनकार कर रहे है। ऐसे में सिर्फ यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वाहन की स्टेरिंग फेल हो गई होगी या फिर ब्रेक नहीं लग पाया। फिलहाल इस घटना की जांच की जा रही है और जांच के बाद कारणों का पता चल सकेगा।

### चल रही है जांच


कंपनी का रामचंद्रपुर से पुंद्वाग कैंप डिप्लॉयमेंट किया गया था। इस दौरान बड़े ट्रक बंदरचुंआ तक ही जा सकते थे इस लिए पिकअप से एक प्रधान आरक्षक व दो आरक्षक ट्रक से सामान खाली कर कैंप लेकर जा रहे थे। दूसरे राउंड में सामान लेकर जाते समय यह घटना हुई। इस घटना में एक प्रधान आरक्षक व एक आरक्षक की मौत हुई है। घायल आरक्षक व चालक का उपचार जारी है। जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम रवाना कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

-डॉ. लाल उमेद सिंह, एसएसपी













# गाज की चपेट में आकर आधा दर्जन ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान ग्रामीण अपने घर में थे और घर के आंगन में ही बिजली गिरी। वहीं एक अन्य स्थान पर भी गाज गिरने से लोग घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन बड़ी बात यह है कि अस्पताल में चिकित्सक नदारत थे। चिकित्सकों के लापता रहने से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आधे घंटे बाद एक महिला चिकित्सक के पहुंचने पर घायलों का उपचार शुरू किया गया। फिलहाल घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

- मैनपाट के बैगहवा पारा व हरिजनपारा में हुई घटना, घर के आंगन में गिरी गाज





बता दें कि गुरुवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए है। इस दौरान दोपहर में अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होने पर ग्राम बैगहवा निवासी ग्रामीण गंगोत्री अपने परिवार के सदस्यों साथ मवेशियों को घर में बांध रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली उनके घर पर गिर गई। गाज ग्रामीणों के घर के आंगन में गिरी जिसके बाद गाज की चपेट में आकर गंगोत्री, सविता, मोहनराम, प्रियंका बुरी तरह से झुलस गए। इसके साथ ही एक अन्य घटना में हरिजन पारा में भी गाज गिरने की घटना सामने आई है जिसमें फुलेश्वरी समेत अन्य ग्रामीण गाज की चपेट में आए है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए नर्मदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन जब ग्रामीण घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। ग्रामीणों का आरोप है कि एक आरएमए भीड़ देखकर भाग गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत सीएमएचओ से की जिसके बाद चिकित्सक को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में फिलहाल घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### खबर संक्षेप

#### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 26 को

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 26 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की अध्यक्षता में कलेक्टर सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### घायल युवक का चल रहा उपचार, आरोपी गिरफ्तार

# रंजिश को लेकर चाकूबाजी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

**भटगांव।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने भाजपा कार्यकर्ता पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। चाकूबाजी की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी संजय यादव का गांव के रामखेलावन यादव से पुराना विवाद चल रहा है। संजय यादव की मां रनिया बाई ने पुलिस को बताया कि संजय यादव द्वारा विगत दो तीन सप्ताह से घर बनाने के लिए मिट्टी का दीवाल उठा रहा था। 19 जून की शाम महिला अपने दोनों नातियों को लेकर घर के समीप मौजूद दुकान से सामान लेने गई हुई थी। इस दौरान महिला दुकान में मौजूद लोगों से बातचीत कर रही थी जबकि उसका बेटा अपने घर की दीवार उठाने का काम कर रहा था। इसी दौरान रामखेलावन यादव मौके पर पहुंचा और महिला के साथ गाली गलौज



करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। विवाद सुनकर महिला का पुत्र संजय यादव दुकान के पास आया और उसने रामखेलावन को गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू से संजय यादव के पेट पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। चाकूबाजी की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। आनन फानन में घायल संजय यादव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर ⏭ शेष पेज 4 पर

### चोरी के जेवर व नकद बरामद, सीसी टीवी से पुलिस पहुंची कार मालिक तक

# एमपी से आकर दो सूने मकानों में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक साथ दो सूने मकान में चोरी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

अंतरराज्यीय चोरों ने अपने साले की कार घूमने के नाम पर लेकर मध्यप्रदेश से सरगुजा आकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी के बाद आरोपी कार से सामान लेकर फरार हो गए और चोरी किए गए गहनों को जमीन में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था। पुलिस ने इनमें से एक आरोपी को पूर्ण में ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया गया है। पुलिस ने आरोपी से लगभग पांच लाख रुपए के गहने और दो हजार रुपए नगद बरामद करने में सफलता हासिल की है। आज इस मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। बताया जा रहा है कि गांधीनगर नवापारा निवासी कपिलदेव प्रजापति 19 अप्रैल को शादी समारोह में ⏭ शेष पेज 4 पर



आरोपियों से जब्त जेवर।

### साले की कार लेकर चोरी



घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के 100 से अधिक फुटेज की जांच की। जांच के दौरान घटना दिवस को दो व्यक्ति मारुती जेन कार क्रमांक सीजी 16 बी 1160 से संदिग्ध रूप से घूमते नजर आए। ऐसे में पुलिस जांच उपरान्त कार स्वामी कोरिया मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक 14 निवासी मोहम्मद शाहिद से पूछताछ की गई। वाहन स्वामी ने शाहिद पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल उसके जीजा शाकिर अपने दोस्त राजा उर्फ शैफ अली के साथ कार लेकर कोतमा गए हुए थे लेकिन आरोपी ने अपने साले की कार लेकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### गड्ढा कर छिपाया था जेवर

पुलिस ने वाहन स्वामी से मिली जानकारी व तकनीकी सहायता से साकिर व राजा उर्फ शैफ अली की तलाश शुरू की। पुलिस ने मध्यप्रदेश कोतमा निवासी 38 वर्षीय शाकिर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथी राजा उर्फ शैफ अली के साथ मिलकर 22 व 23 अप्रैल की दरमियानी रात नवापारा में कार से आकर दो सूने मकानों में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कार, दो मोबाइल फोन, दो हजार रुपए नगद बरामद कर उसे 27 अप्रैल को ही जेल भेज दिया था जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मामले में आरोपी कोतमा निवासी 28 वर्षीय राजा उर्फ शैफ अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी का सामान अपनी खाली पड़ी जमीन में छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी से छिपाकर रखे गए शतप्रतिशत 5 लाख रुपए के सोने व चांदी के गहने व 2 हजार रुपए नगद जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, एसआई अश्वनी दीवान, सउनि अनिल पाण्डेय, अजीत मिश्रा, विवेक पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह,अतुल सिंह, बृजेश राय, ऋषभ सिंह शामिल रहे।



20 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 6/20/2024 10:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नगरीय क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए साफ-सफाई के निर्देश

**सूरजपुर।** बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने नगरीय क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने जिले के महत्वपूर्ण स्थानों का एक-एक कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से फोकस करने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पालिका परिषद सीएमओ को सफाई प्रबंधन पुख्ता करने के लिए, सफाई कर्मचारियों के रोटेशन निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से सफाई का कार्य किए जा रहे या नहीं इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कही। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी ऑर्डर की सूची निर्मित कर इसे शक्ति के साथ लागू करने के निर्देश अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने क्रमवार नगर पालिका जिम, नेहरू पार्क, बड़कापारा बाजार, पुराना बस स्टैंड, एसएलआरएम सेंटर, कृष्ण कुंज व चम्बोती तालाब, बड़ा तालाब, दुल्ही तालाब का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर पालिका जिम का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने जिम के प्रबंधन को बेहतर करने एवं वहां सीसीटीवी कैमरा और क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तालाबों के सफाई के लिए भी नगर पालिका परिषद की सीएमओ को निर्देशित किया।

### अस्पताल की व्यवस्था सुधारने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था से अवगत करा ऑपरेशन की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की श्री मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तत्काल ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को एक सप्ताह तक दर्द से कराहने के बाद ऑपरेशन की सुविधा मिलती है। ऐसा शल्य चिकित्सकों की त्रुटिपूर्ण ड्यूटी रोस्टर के कारण होता है जो अस्पताल प्रबंधन के निजी चिकित्सालयों के मिलीभगत को प्रदर्शित करता है। ओटी कक्ष की कमी बताकर मरीजों का ऑपरेशन रोक दिया जाता है जिससे मजबूर होकर मरीजों को निजी चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की हालत ऐसी है कि शनिवार को हड्डी टूटने वाले मरीज का ऑपरेशन आगामी सप्ताह में शुक्रवार के दिन किया जाता है तथा मरीज एक सप्ताह तक दर्द से छटपटाता रहता है। चिकित्सालय प्रबंधन का यह कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाला है तथा प्रबंधन की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ गरीब लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कलेक्टर से अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 को पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यापम रायपुर द्वारा 23 जून को दो पालियों में छग शिक्षक पात्रता ( टेट 24) दो पालियों में आयोजित की गई है। परीक्षा प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1127 तक कुल 27 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1151 तक कुल 51 परीक्षा केन्द्रों में तथा पीपीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1128 से 1132 तक कुल 5 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक परीक्षा की गोपनीय सामग्री डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी बनसिंह नेताम से प्रथम पाली प्रातः 7.30 बजे एवं द्वितीय पाली 12 बजे तक प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष को सौंपेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केन्द्राध्यक्ष के साथ गोपनीय सामग्री की सील बंद बॉक्स को-ऑर्डिनेटर या प्राचार्य राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर के पास जमा कराएंगे।

### कार-बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

**बैकुंठपुर।** 20 जून की सुबह एनएच 43 पर बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग के जमदुआरी जंगल में हुए कार और बाइक के भीषण टक्कर में असमय दोनों चालकों की मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक युवक ने इलाज के दौरान अंबिकापुर में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद एनएच 43 पर भीड़ लग गई। दुर्घटना की सूचना के बाद चरचा पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह 9 बजे के करीब एनएच 43 पर बैकुंठपुर और मनेन्द्रगढ़ मार्ग के बरबसपुर और नगर के बीच जमदुआरी जंगल में कार क्रमांक सीजी 16 सीएच 3582 में सवार होकर बैकुंठपुर अग्रवाल सिटी निवासी रोनित सिंह पिता राकेश सिंह उम्र 23 वर्ष मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रहा था, इसी दौरान विपरित दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक यूपी 21 सीयू 7540 का चालक राहत खान निवासी बिलपुर थाना कुदरंगी में आमने-सामने की जबरजस्त भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक से फेरी का व्यापार करने वाले राहत खान की मौके पर ही मौत हो गई।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 23 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 23 जून रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस




शिविर में न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ अमित मुखर्जी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद आहूजा, डॉ जगबीर सिंह गठिया एवं अर्थराइटिस विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।

## देर रात पुलिस ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा

# शिवनंदनपुर कंपोज़िट शराब दुकान में तैनात गार्ड कर रहे थे मिलावटखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शिवनंदनपुर कंपोज़िट दुकान में तैनात दो गार्ड अंग्रेज़ी शराब में मिलावट खोरी करके ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर रहे थे,बुधवार की देर रात बिश्रामपुर पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। हालांकि मामले में कार्यवाही पर सवाल खड़े करके बड़े गुर्गों को बचाए जाने का आरोप लोगों द्वारा लगाया जा रहा है।

**खास बातें**
- मौक़े से स्पिरिट, पानी व खाली शराब की बोतलें, ब्रांडेड शराब के नए ढक्कन हुए जब्त
- आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज, सूरजपुर न्यायालय किए गए पेश

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कंपोज़िट शराब दुकान शिवनंदनपुर के दो सुरक्षा कर्मी क्रमशः करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुदामानगर निवासी 32 वर्षीय देवकरण पिता लालजी सिंह व ग्राम पंचायत केशवनगर 25 वर्षीय विवेक उर्फ विशाल पिता बृजकुमार रवि द्वारा बुधवार की देर रात शराब दुकान के पीछे स्थित गार्ड रूम के पास ब्रांडेड कंपनी की अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी कर नक़ली शराब तैयार कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते हुए दोनों सुरक्षा कर्मियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा स्पिरिट व पानी को अंग्रेजी शराब में मिलाकर मिलावट खोरी करके मात्रा बढ़ाई जा रही थी। पुलिस ने यहां पर आरोपियों के कब्जे से एक चाय छन्नी, एक कुप्पी, दस लीटर पानी की टंकी में पानी व दस लीटर पानी टंकी में अंग्रेजी शराब, मकडोवेल नंबर वन के 750 एमएल की चार पुरानी बोतल में अंग्रेजी शराब भरा हुआ, नौ नग पुरानी खाली बोतल, बीस नग रॉयल चैलेंज कंपनी की 180 एमएल की खाली बोतल, 50 नग रॉयल चैलेंज कंपनी की नई ढक्कन, 40 नग मेकडोवेल कंपनी की नई ढक्कन बरामद की गई है। पुलिस द्वारा मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 38 (क), 49 (क), 59 (क) के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर दिया है। दोनों आरोपियों द्वारा उक्त मिलावट खोरी की अंग्रेजी शराब को ग्रामीण इलाकों में खपाए जाने की बात स्वीकारी गई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।

**गुरुवार को दोपहर में देर से खुली शराब दुकान**

पुलिस द्वारा दो गार्डों को अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते पकड़े जाने उपरांत गुरुवार को यहां शराब दुकान दोपहर में आबकारी विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में खोली गई। यहां पर लंबे समय से आबकारी विभाग के नाक के नीचे अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करके शराब बिक्री करने का सिलसिला चल रहा है। दूसरी तरफ़ सूरजपुर आबकारी विभाग दुकान संचालन की जिम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी कर्मचारियों द्वारा करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है,गौरतलब है कि सूरजपुर जिले की अधिकतम शराब दुकानों का संचालन ऑल सर्विसेस नामक प्राइवेट कम्पनी अपने कर्मचारियों के माध्यम से करती है,स्थानीय लोगों का आरोप यह भी है कि बड़े पैमाने में नक़ली शराब बनाने का धंधा लम्बे समय से फलफुल रहा है,इसमें मुख्य आरोपियों को बचाया जा रहा है,मिलावटखोरी के इस धंधे में एक बड़ा गिरोह शामिल है जिसमें संचालन करने वाली प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारी व अधिकारी भी शामिल हैं।

**लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

शिवनंदनपुर कंपोजिट शराब दुकान में तैनात दो गार्ड के पास से बड़ी मात्रा में स्पिरिट मिली है,उनके द्वारा तैयार की गई नक़ली शराब को ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने की बात स्वीकारी गई है, अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से खपाई गई बड़ी मात्रा में नक़ली शराब के सेवन करने से ग्रामीणों समेत क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य ख़तरे में है,लापरवाही बरतने में कभी भी भारी जनहानि हो सकती है। बिहार प्रांत में कई ऐसी घटनाएँ हो चुकी हैं जिसमें दर्जनों ग्रामीणों की जान जा चुकी है,सूरजपुर आबकारी विभाग मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहा है,बताया गया कि कंपोजिट दुकान में लगे चार कैमरे ख़राब बताए गए हैं जबकि कुछ समय पहले ही विभाग द्वारा नए कैमरे ख़रीदकर अलग अलग जगहों पर लगवाए गए थे। नए लगे कैमरे का ख़राब होना संचालन कर्मचारियों की कार्यशैली पर संदेह को दर्शाता है।



## दतिमा चौक में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दतिमा चौक के पास सड़क किनारे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बढ़ाकर किए गए अतिक्रमण को सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को जेसीबी से हटा दिया गया। अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही से क्षेत्र में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित दतिमा चौक के पास लोग लंबे अरसे से कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिस वजह से आएदिन यहां पर छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही थी। इसी के मद्देनजर ग्राम पंचायत दतिमा द्वारा पिछले दिनों सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई थी। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर गुरुवार को सुरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा, एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दतिमा चौक के पास अवैध रूप से दुकानों को शासकीय भूमि पर बढ़कर अतिक्रमण किए गए नौ लोग क्रमशः अख्तर पिता स्व.सुलेमान, रवि पिता सेमलाल, उमाशंकर पिता नीलकंठ, दुलारी बेवा राजाराम, गुड्डा पिता स्व.नानहु, मो.रफी पिता सहाबुद्दीन, नवरंतक पिता स्व.गुलाब, बलराम पिता दुखनाथ, गुलजार पिता सहाबुद्दीन के चौक के पास स्थित अतिक्रमण को हटाया गया है। इसी तरह पटवारी कार्यालय के पास तीन अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। यहां पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही के दौरान एक स्ट्रीट लाइट व एक सूचना पटल को भी हटवाया गया है। ज्ञात हो कि दतिमा चौक के पास किए अवैध अतिक्रमण की वजह से सड़क के चारों तरफ़ काफ़ी कम जगह रहती थी। यहां पर अतिक्रमण के खिलाफ किए जा रहे कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जा धारियों से अधिकारियों के बीच कहा सुनी भी हुई,इसके बावजूद बेदख़ली कार्यवाही लगातार जारी रही। बताया गया कि उक्त कार्यवाही होने के पूर्व तहसीलदार द्वारा अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करके अपना बेजा कब्जा स्वयं हटा लेने के निर्देश दिए गए थे, इसके बाद भी अवैध कब्जा को नहीं हटाए जाने के फलस्वरूप गुरुवार को जेसीबी से अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की गई है।इस जगह पर पिछले दिनों बाल कटवाने सेलून आए एक युवक की ट्राला वाहन की चपेट में आने से मौत भी हो चुकी है।बेदख़ली कार्यवाही के दौरान सुरक्षा हेतु बिश्रामपुर टीआई अलरिक लकड़ा, करंजी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह व संगीता सिंह, पटवारी कुसमा सिंह व बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## जांच में 5 बसों के दस्तावेज मिले अधूरे, जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिले में पुलिस प्रशासन व आरटीओ द्वारा बसों की जांच हेतु अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी 22 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत पहले दिन 30 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 5 बसों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

- पुलिस ने बसों की फिटनेस जांच का चलाया अभियान

बता दें कि एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र से होकर गुजरने वाली यात्री बसों की जांच के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा 20 से 22 जून तक बसों की जांच का अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पहले दिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक की गई जांच के दौरान बलरामपुर बस स्टैंड में कैम्प लगाकर 30 बसों के परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण सर्टिफिकेट, स्पीड गवर्नर सर्टिफिकेट, रेडियम स्टीकर, सीसीटीवी कैमरा, हेडलाइट हॉर्न एवं अन्य प्रकार के मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान पहले दिन 5 बसों के दस्तावेज अधूरे मिले जिसपर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं टीम द्वारा 21 जून को दोपहर 12:00 से रात्रि 9 बजे तक एवं 22 जून को रात्रि 9 से सुबह 6 बजे तक यात्री परिवहन वाहनों का चेकिंग की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यदु, यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, सउनि अनिल दुबे, प्रधान आरक्षक बूटन सिंह अन्य उपस्थित रहें।



### चोरों ने घर से पार किया बाइक, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद चिकित्सक की केटीएम बाइक को चोरों ने घर से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पल्लापलायम थाना चिन्नातारापुरम जिला करूर तमिलनाडु निवासी हरिदेवकुमार के जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद पर पदस्थ है। 17 जून की रात ड्यूटी करने के पश्चात बाइक क्रमांक टीएन एटी 5225 को वार्ड क्रमांक 9 शिव पार्क कॉलोनी स्थित अपने किराए के मकान में रख कर चला गया। सुबह 8 बजे किराए के मकान में आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

## पेज 1 के शेष...

### पुरानी रंजिश को लेकर...

कर दिया गया है। घटना की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी एमआर आहिरे के निर्देश पर पुलिस ने डुमरिया निवासी 30 वर्षीय राम खेलावन यादव आ. स्व. समय लाल यादव को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में एएसपी संतोष महतो व डीएसपी रितेश चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई बजरंगी लाल चौहान व अन्य शामिल रहे।

### एमपी से आकर दो सूने...

शामिल होने के लिए परिवार के साथ गृहग्राम चमनपुर गए हुए थे इस दौरान उनका मकान बंद पड़ा हुआ था जबकि उनका पड़ोसी सुनील मिश्रा में अपने परिवार के साथ मध्यप्रदेश के रीवा गए हुए थे। 24 अप्रैल को कपिलदेव प्रजापति जब वापस लौटे तो उनके घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था और जब वे घर में अंदर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर के अंदर रखे बक्शे का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे गहने सोने का झुमका 1 जोड़ी, चैन 1 नग, अंगुठी 2 नग, मंगलसुत्र 2 नग, टीका 1, नग लटकन 2 नग, रिंग 2 नग, पोला कंगन 2 नग, मंगलसुत्र 1 नग, नाक पीन व चांदी का पायल 2 जोड़ी, पाजेब 1 जोड़ी बिछिया, ती सेट 1 जोड़ी, बिछिया सिंगन 1 जोड़ी समेत लगभग 2 लाख रुपए का सामान गायब था। अपने घर हुई चोरी को देखकर पड़ोसी सुनील मिश्रा के घर में जब उसने जांच की तो पता चला कि उनके घर का भी ताला टूटा हुआ है। ऐसे में उसने सुनील मिश्रा को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर सुनील मिश्रा के रिस्तेदार राजीव द्विवेदी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। सुनील मिश्रा के घर भी आलमारी व पेटी खुली हुई थी। सुनील मिश्रा के घर से भी 2 नग मंगलसूत्र, 1 नग लॉकेट, 1 नग झुमका, 2 जोड़ी पायल एवं 45 हजार रुपए नगद चोरी होने की पुष्टि हुई। घटना की की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा मामले में धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी थी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे बाइक से घर लौट रहे युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की निजी अस्पताल में जबकि दूसरे युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चिखलाडीह निवासी संजू कुमार सिंह आ. अनिरूद्ध कुमार सिंह (20 वर्ष) बुधवार की शाम पड़ोसी अरुण चेरवा आ. बिगन चरेवा (16 वर्ष) के साथ बाइक से ग्राम मेण्ड्रा में दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार महर्षि विद्यालय के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर अरुण के परिजन ने घायल को निजी अस्पताल में जबकि संजू के परिजन ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## उड़ुमकेला के मोहना डिहारी बस्ती पहुंचे हाथी, आठ घरों को बना दिया खण्डहर

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने ग्राम उड़ुमकेला के मोहना डिहारी में पूरी रात उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती के घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने गांव के पहाड़ी कोरवा आश्रम में शरण ली है।

विकासखण्ड मैनपाट में हाथियों का दल लगातार तबाही मचा रहा है। अब तक हाथी पहाड़ी क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में तबाही मचा रहे थे लेकिन बुधवार की रात पहली बार ग्राम बरवाली से 3 किमी दूर तराई क्षेत्र की बस्ती ग्राम पंचायत उड़ुमकेला अंतर्गत मोहना डिहारी में पहुंच गए तथा पूरी रात तबाही मचाते रहे। इस दौरान हाथियों ने बारी-बारी से पांच घरों को निशाना बनाया तथा घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हाथियों ने घरों को ढहाने के बाद घर में रखे अनाज को खा गए तथा बर्तन एवं अन्य सामानों को नष्ट कर दिया। पहली बार बस्ती में हाथियों को देखकर ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। किसी तरह ग्रामीण भागकर पहाड़ी कोरवा आश्रम पहुंचे।



लोगों द्वारा घरों से भागने के बाद हाथी पूरी रात तबाही मचाते रहे। मोहना डिहारी बस्ती में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथी इमलीटिकरा बस्ती में पहुंचे तथा एक घर को ढहा दिया। हाथियों ने इमली टिकरा निवासी उमेश पिता शिवराम बरगाह एवं मोहना डिहारी निवासी पहाड़ी कोरवा समुदाय के मनमोहन पिता सोहन, मुन्ना पिता सोहन, कोदा पिता पंडरू, सोमारू पिता रोगहा, बाबूलाल पिता पिंगल, रामू पिता चरण, छवना पिता देवराज यादव के घरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।

## अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को किया बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में खराब होती कानून व्यवस्था को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन उपरान्त कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

- कांग्रेस ने आरंग व बलरामपुर जिले में हुई घटनाओं को लेकर किया प्रदर्शन

सभा को सम्बोधित करते हुए ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि 2023 के चुनाव के बाद भाजपा के हाईकमान ने जानबूझकर प्रशासनिक क्रियाकलाप की दृष्टि से अकुशल एवं अनुभवहीन लोगों को प्रदेश की सत्ता सौंप दी और इन अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश के समूचे प्रशासनिक व्यवस्था को 6 माह में ही बर्बाद कर दिया है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि अकुशल एवं अनुभवहीन राजनैतिक नेतृत्व के कारण प्रशासनिक तंत्र बेलगाम हो गया है। इसके कारण प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ ही पूरा का पूरा प्रशासनिक ढांचा ध्वस्त हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ ही सरगुजा संभाग में भी लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। आमजन में यह भावना आ रही है कि अब अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पडेगी। आम लोगों की यह सोच प्रदेश की नई सरकार में उनके समाप्त हो रहे विश्वास का प्रमाण है। धरना-प्रदर्शन को महापौर डॉ. अजय तिकी, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा और मो इस्लाम ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से भी आरोप लगाया कि आरंग में अज्ञात लोगों के द्वारा एक ट्रक में मवेशी लेकर जा रहे अल्पसंख्यक समुदाय के तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को ढूंढ पाने में नाकाम रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 304 आरोपित की गई है, जबकि मामला हत्या का है और इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 आरोपित होनी थी। ऐसे में घटना की विवेचना को लेकर पुलिस की मंशा भी संदेह के घेरे में है। इसी प्रकार से बलरामपुर जिले में सुजीत सोनी एवं एक अन्य महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। मौके की परिस्थितियों के आधार पर प्रारंभ में यह अनुमान लगाया गया था कि मामला हत्या का है, किंतु बाद की विवेचना में पुलिस ने करंट लगने से मौत की बात कही। स्थानीय लोग पुलिस के इस तर्क को मानने से इंकार कर रहे हैं और इस घटना की उचित जांच को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजीव प्रताप सिंह, रशीद अहमद, दुर्गेश गुप्ता, इम्तेयाज जफर, अशफाक अली, अनूप मेहता, गुरप्रीत सिद्धू, नरेन्द्र विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश सिंह, जीवन यादव, हिमांशु जायसवाल, गीता रजक, मो0 अशफाक, हसन खान, नसीम खान, अमित तिवारी राजा, सुदामा कुर्रे, बाबर खान, कलीम अंसारी, काजू खान, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, नितिश चौरसिया, निकी खान आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू/उज्जैन (महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

20 Ambikapur-pg-8_Layout 1 6/20/2024 9:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आईजी ने 29 कर्मियों का बदला जिला, स्थानांतरण सूची जारी

**अंबिकापुर।** सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने बुधवार को जिलों में लम्बे समय से जमे हुए पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। आईजी द्वारा रेंज के विभिन्न थानों में पदस्थ 9 एएसआई, 3 प्रधान आरक्षक, 17 आरक्षकों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया है। आईजी द्वारा जारी निर्देश के तहत सउनि हीरालाल बाघव को जशपुर से सूरजपुर, सउनि धनंजय पाठक को सूरजपुर से एमसीबी, सुनील सिंह को सूरजपुर से एमसीबी, केश्वर राम मरावी को एमसीबी से सूरजपुर, गौटिया राम मरावी को एमसीबी से बलरामपुर, कृष्णा सिंह को एमसीबी से बलरामपुर, चित्रभान सिंह बलरामपुर से एमसीबी, अभिषेक पांडेय को सरगुजा से एमसीबी, राजाराम को बलरामपुर से सूरजपुर स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक संजय निकुंज को जशपुर से एमसीबी, सुरेश गौड़ को एमसीबी से जशपुर, विवेकमणी तिवारी को बलरामपुर से एमसीबी जिला भेजा गया है। आईजी द्वारा आरक्षक श्याम सुंदर सोनी को सूरजपुर से जशपुर, प्रमोद रौतिया को जशपुर से एमसीबी, शैलेन्द्र सिंह को जशपुर से एमसीबी, दिनेश्वर यादव को जशपुर से एमसीबी, सुरेंद्र कुमार यादव को जशपुर से कोरिया, कुलेन्द्र राम को जशपुर से कोरिया, सन्तु राम यादव को जशपुर से सूरजपुर, जसप्रीत सिंह सैनी को एमसीबी से बलरामपुर, अंबुज कुमार सिंह को एमसीबी से जशपुर, वसीम रजा को कोरिया से बलरामपुर, जुगेश जायसवाल को बलरामपुर से एमसीबी, दुर्योधन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अभय चौबे को सरगुजा से जशपुर, उपेंद्र सिंह को सरगुजा से जशपुर, रुपेश गुप्ता को बलरामपुर से एमसीबी, शिवपूजन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अंकित जायसवाल को बलरामपुर से कोरिया भेजा गया है।

### कोयला कर्मियों के लिए सीआईएल ने लांच की ट्रान्सफर स्कीम

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की गत दिवस संपन्न हुई बोर्ड मीटिंग में प्रबंधन ने अपने कोयला कर्मचारियों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी की घोषणा की है।इस स्कीम के तहत एक कंपनी से दूसरी कंपनी में तबादले पर सम्बंधित कर्मी को कंपनी एक लाख का इंसेंटिव देगी।कोल इंडिया बोर्ड की 466 मीटिंग में इसकी नई स्कीम की घोषणा की गई और 19 जून को इसे लागू किए जाने का आदेश भी जारी किया गया। इस स्कीम के तहत सरप्लस मैन पॉवर के एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर पर सम्बंधित कर्मचारी को एक लाख रुपये का इंसेंटिव दिए जाने का प्रावधान किया है,उक्त राशि कोलकर्मी को एकमुश्त दी जाएगी। इस स्कीम में सीआईएल ने नियम शर्त रखी है कि इस योजना का लाभ नियमित कामगारों को मिलेगा जिनकी कम्पनी में ड्यूटी सेवा पांच वर्ष से अधिक बची है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम भेसकी के समीप पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जमोनी निवासी सियाराम आ. रामनाथ (28 वर्ष) गत दिन पड़ोसी गुपुत राम के साथ ग्राम परसा से मेहमानी कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम भेसकी के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्व चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात सियाराम की मौत हो गई वहीं गुपुत राम का उपचार जारी है।

गहरीकरण के लिए स्वीकृत हुए थे पांच लाख रुपए

# तालाब गहरीकरण में भारी गड़बड़ी राशि आहरण कर आधा-अधूरा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत गोविंदपुर में मनरेगा के तहत लाठ पोखरा तालाब गहरीकरण कार्य में भारी गड़बड़ी की गई है। तालाब गहरीकरण में ग्रामीणों को रोजगार ने देकर सरपंच, उप सरपंच व सचिव द्वारा मनमानी तरीके से ग्रामीणों के नाम फर्जी हाजिरी भरकर जेसीबी से आधा अधूरा कार्य कराकर छोड़ दिया गया। इधर आधे अधूरे कार्य देख ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**
- आधा अधूरा कार्य देख ग्रामीणों में आक्रोश

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोविंदपुर में अप्रैल-मई माह में शासकीय पुराना तालाब का गहरीकरण के नाम से जनपद पंचायत द्वारा 5 लाख ग्राम पंचायत को स्वीकृत हुआ था। तालाब गहरीकरण का कार्य गांव के सरपंच, उपसरपंच व सचिव द्वारा मनमानी तरीके से नियम को दरकिनार करते हुए रात के अंधेरे में जेसीबी से कार्य कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा के तहत यह कार्य होना था और गांव के लोगों को रोजगार देना था लेकिन जनपद के अधिकारी और सरपंच, सचिव के साठ गांठ से जेसीबी लगाकर न सिर्फ कार्य को रातो रात पूरा करा दिया बल्कि फर्जी हाजिरी बनाकर अपने चहेते लोगों के नाम से रोजगार सहायक एवं सरपंच, सचिव ने फर्जी हाजरी भर के किसी का 6 दिन तो किसी का 10 दिन और 8 दिन हाजिरी भर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आधा अधूरा कार्य कर संपूर्ण राशि का आहरण कर पैसों का दुरुपयोग किया गया है।

तालाब सफाई एवं गहरीकरण के नाम से 5 लाख की राशि स्वीकृत किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सुदूर वनांचल क्षेत्र होने तथा गांव के सीधे-साधे लोग आज भी बनवासी जीवन गुजारते हैं। ऐसे में क्षेत्र में हो रहे निर्माण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी निरीक्षण करने कम ही आते है जिससे देख रेख के अभाव में निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जाती है। ऐसा नहीं है कि आधे अधूरे कार्य का ग्रामीणों ने विरोध नहीं किया परंतु किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



आधा-अधूरा गरीकरण किया गया तालाब, बीच में मलबे का ढेर।

## तालाब के बीच छोड़ दिए कचरे का ढेर

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की सफाई के साथ गहरीकरण का कार्य जेसीबी से कराया गया है। तालाब से निकले कचरा को बाहर करने के बजाए तालाब के बीच ढेर बना कर छोड़ दिया गया है। तालाब में जो कार्य हुआ है वहां पर जेसीबी के निशान हर तरफ देखे जा सकते हैं। गहरीकरण कार्य में की गई गड़बड़ी को छिपाने के लिए बरसात का इंतजार कर रहे ताकि दो चार दिन के बारिश में तालाब लबालब हो जाए।

### रिश्तेदार के जेसीबी से कराया काम

ग्रामीणों ने बताया कि सचिव ने जेसीबी अपने रिश्तेदारों के नाम से खरीदा है और उसी जेसीबी से पूरा कार्य कराया है। इस तरह का यह को पहला कार्य नहीं इससे पूर्व में भी कई तरह की कार्य हो चुके हैं। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण इनके हौसले बुलंद है।

### की जाएगी कार्रवाई

मामला गंभीर है। जांच टीम तत्काल भेजती हूं। इस तरह की शिकायत आने पर बक्शा नहीं जाएगा। मनरेगा के तहत होने वाले कार्य मजदूरी भुगतान के हिसाब से होनी चाहिए, जेसीबी से कार्य करना अपराध है। अधिकारी सहित संबंधितों को कारण बताओं नोटिस जारी होगा। जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू
जिला पंचायत सीईओ सूरजपुर



रवाना होते खिलाड़ी।

# राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में शामिल होने खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजनान्तर्गत खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सिलेंस प्रारंभ किया गया है। यह सेन्टर एक आवासीय खेल अकादमी है, जिसमें कबड्डी व एथलेटिक्स के बालक-बालिकाओं को खेल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में संचालित आवासीय राज्य खेल अकादमी एथलेटिक्स बालक,बालिका एवं कबड्डी में खिलाड़ियों के प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 21 व 22 जून को बहतराई स्टेडियम, बिलासपुर में किया जा रहा है। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन तथा कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के एथलेटिक्स विधा के बालक वर्ग में अंकुश मझवार एवं मयंक प्रताप सिंह तथा कबड्डी के बालिका वर्ग में कुमारी शांति, मनीषा, सुषमा एवं मयूरी राजवाडे का चयन किया गया है।

जिले के चयनित खिलाड़ी कोच, मैनेजर शैलेष द्विवेदी व माया के नेतृत्व में चयन ट्रायल के लिए रवाना हुए। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल रायपुर में चयनित खिलाडियों को अकादमी में प्रवेश मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों को आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, दुर्घटना बीमा, खेल प्रषिक्षण की सुविधाएं, खेल विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी।

# बागेश्वरी देवी लोक न्यास के विकास के लिए ट्रस्ट व अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ के विकास के रोडमैप को लेकर ट्रस्ट व अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर रोहित व्यास ने श्रद्धालुओं व पर्यटकों के सुविधा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें जल प्रबंधन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए गए। उन्होंने पंप से पानी ऊपर चढ़ने की व्यवस्था और उसके संचालन के लिए एक ऑपरेटर नियुक्त करने तथा बेहतर बिजली प्रबंध के लिए क्रेडा को सोलर स्थापित करने के निर्देश दिए। मंदिर के लिए चढ़ने व उतरने वाले मार्ग में शेड निर्मित कर विश्राम स्थल व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही दर्शन के लिए निर्मित असमतल व अनियमित सीढ़ियों के लेवलिंग, पुराने भवन व दुकानों की मरम्मत, नवीन धर्मशाला व दुकान व मंदिर की चढ़ाई से पूर्व उसके आसपास के क्षेत्र में रोड के दोनों ओर पौधारोपण पर चर्चा की।

बैठक में मंदिर के आय और व्यय पर भी चर्चा हुई। जिसमें मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ चैत्र नवरात्रि मार्च-अप्रैल में विभिन्न मदों से आय, 2024 में लोक न्यास ट्रस्ट के आय का विवरण व चैत्र नवरात्रि मेला में व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में कलेक्टर ने जनमानस की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सीएसआर के तहत बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश एचडीएफसी के ब्रांच मैनेजर को दिये।

बैठक में एचडीएफसी के ब्रांच मैनेजर ने बताया कि सीएसआर के तहत उनके द्वारा भक्तगणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, मंदिर के लाइव दर्शन की व्यवस्था की जाएगी ताकि ऐसे श्रद्धालु जो कि दर्शन के लिए ऊपर पहुंच कर दर्शन नहीं कर सकते वे अपने स्थान से ही कुदरगढ़ी माता के दर्शन कर सकें। इसके अलावा श्रद्धालुओं को दान के लिए डिजिटल पेमेंट का ऑप्शन भी दिया जाएगा, जिसके लिए क्यू आर मंदिर स्थल पर लगाए जाएंगे। बैठक में ट्रस्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर नीरज सिन्हा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** मनेंद्रगढ़ रोड रेलवे स्टेशन के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बढ़नी झरिया निवासी विकास आ. रामधारी (28 वर्ष) बाइक से मनेन्द्रगढ़ रोड से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रेलवे से आगे गया तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर डायल 112 की टीम ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान



पति के आए दिन विवाद करने से परेशान पत्नी ने न सिर्फ सो रहे पति को मौत के घाट उतारी बल्कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए झिलमिली पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही पति का हत्या करने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक ग्राम डाला बहरा निवासी विवेक कुमार आ. विश्वनाथ बसोर एक वर्ष पूर्व मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सोमबाई से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों परिवार से अलग रहने लगे। मंगलवार की रात अपने कमरे में सो रहे थे। इसी बीच देर रात सोमबाई दरवाजा बाहर से बंद कर जाने लगी तभी विवेक का बड़ा भाई नितेश ने सोम बाई को घर से जाते देख घटना की जानकारी पिता विश्वनाथ को दी। परिजन जब विवेक के कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। विवेक बिस्तर में लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था।

विश्वनाथ ने घटना की रिपोर्ट झिलमिली थाने में दर्ज कराई तथा घर में बहू के नहीं होने पर उस पर हत्या करने का संदेह जताया। रिपोर्ट पर पुलिस ने सोम बाई के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने फरार पत्नी सोमबाई की तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोम बाई को कोरिया जिला के बैकुंठपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोम बाई ने पति की हत्या करने की बात कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि पति विवेक अक्सर उसके चरित्र पर शंका करता था। मंगलवार की रात भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो देर रात सो रहे पति के गर्दन पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार फरार हो गई। बहरहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन 26 तक

**बैकुण्ठपुर।** प्राचार्य जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सलका बैकुंठपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 पंजीकृत कोर्स के लिए फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, एलईडी लाइट रिपेयर टेक्निशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, हिन्दी टाईपिस्ट कम्प्यूटर, कारपेंटर, सोलर पंप इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जून तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लाइवलीहुड कॉलेज सलका बैकुंठपुर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इसमें पंजीकृत हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश सिंह पिता ओमकार सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम जरही तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जरही तहसील प्रतापपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 498/3 रकबा 0.03 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 28/06/2024 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/06/2024 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविगाय अधिकारी (रा.)**
**एवं सक्षम प्राधिकारी**
**प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुनीता दामले आयु-46 वर्ष पति श्री प्रद्युम्न कुमार दामले निवासी होटल माखन बिहार के पास एम.जी. रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा विवाह हिन्दू रीतिरीवाज के अनुसार श्री प्रद्युम्न कुमार दामले के साथ दिनांक 12/05/2006 को रायपुर में संपन्न हुआ है। विवाह पूर्व मैं कुमारी सुनीता कुशवाहा पिता भोला राम निवासी खमतराई रायपुर के नाम से जानी, मानी व पुकारी व पहचानी जाती थी। विवाह के पूर्व मेरे सभी अंकसूची व दस्तावेजों पर कुमारी सुनीता कुशवाहा अंकित है तथा विवाह उपरांत मेरा नया नाम श्रीमती सुनीता दामले पति प्रद्युम्न कुमार दामले के नाम से सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बीमा एवं बैंक इत्यादि दस्तावेजों में स्थापित किया जाये। मेरे विवाह के बाद से मेरा नाम सुनीता दामले पति प्रद्युम्न कुमार दामले के नाम से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जाना जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

**भवदीय**
**सुनीता दामले**
**पति श्री प्रद्युम्न कुमार दामले**
निवासी-होटल माखन बिहार के पास एम.जी. रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के रीढ़ की हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विमल अग्रवाल MBBS, MS (ORTHO), D. ORTHO, FNB (SPINE SURGERY)
प्रदेश के विख्यात चेस्ट फिजिशियल/छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ... डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. अभिजीत कुमार कोहट MD, DM (Neurogist)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल अहलूवालिया MS, MCH (Neurosurgeon)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
23 जून 2024 दिन चौंथे रविवार को
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 13 जून 2024 दिन - गुरूवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (OPD) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

डॉ रोशन लाल वर्मा
MD
(T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक 23 जून 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक – 23 जून 2024 रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 Emergency Services
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
दिनांक - 19 जून से 21 जून 2024
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH,CCPM
(NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 23 जून 2024, रविवार
डॉ. आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एण्ड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट
यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एण्ड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल अहलुवालिया
एम.एस, एम.सी.एच
न्यूरोसर्जन

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.